9700 करोड़ निवेश से 1.96 लाख को रोजगार

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा है कि चार साल में यूपी देश में निवेश के लिहाज से 'मोस्ट प्रिफर डेस्टिनेशन' वाला राज्य बन गया है। 2017 से पहले इसे आखिरी विकल्प के तौरपर देखा जाता था। यही नहीं उस वक्त नेताओं की पर्चियों पर प्लाट आवंटित हो जाते थे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में 9700 करोड़ की निवेश परियोजनाओं के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ 1100 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया गया। इसी से 1.96 लाख लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है।

महाना ने गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार व सचिव नीना शर्मा के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। श्री महाना ने कहा कि पहले कुल एमओयू के 12 या 13 प्रतिशत ही

सतीश महाना, औद्योगिक विकास मंत्री

जमीन पर उतर पाते थे। अब तक 43 प्रतिशत एमओयू पर अमल हुआ है।

ज्यादा रोजगार यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में : परियोजनाओं में से 7,006 करोड़ रुपये के निवेश और 1,71,683 रोजगार की सम्भावना वाली परियोजनाओं के लिए 566 एकड़ (871 भूखण्ड) का आवंटन तो केवल यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ही किया गया है। इनमें सेक्टर 29 और 33 में अपैरल पार्क (124 भूखण्ड), हस्तशिल्प पार्क (76 भूखण्ड), एमएसएमई पार्क (516 भूखण्ड) और खिलौना (टॉय) पार्क (111 भूखण्ड) के लिए किए गए आवंटन शामिल हैं। सतीश महाना ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अगले साल फरवरी में चालू हो जाएगा।

इन जिलों में अमल में आई निवेश परियोजनाएं

लखनऊ

लखनऊ में इंफ्रस्ट्रचर क्षेत्र में डिस्टेनी हास्पिटिलिटी सर्विस कंपनी ने 800 करोड़ का निवेश। खाद्य प्रसंस्करण में एसएलएमजी ने 300 करोड़ का निवेश किया है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

गौतमबुद्ध नगर

गौतमबुद्धनगर में 10 हजार करोड़ से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ने, 7429 करोड़ से वीवो मोबाइल, 2000 करोड़ से ओप्पो मोबाइल, 1772 करोड़ से हालीटेक इंडिया कंपनियां परियोजनाएं लगा चुकी हैं।

मिर्जापुर

मिर्जापुर में रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में एमप्लस कंपनी ने 281 करोड़ की परियोजना लगाई है। इस परियोजना के जरिए भी बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

कानपुर

कानपुर प्लास्टीपैक ने कानपुर देहात में 200 करोड़ से टैक्सटाइल इंडस्ट्री लगाई है। कानपुर में 150 करोड़ से आर पी पलाय ने इसी क्षेत्र में निवेश किया है।